Daily Current Affairs 08 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. पेगासस के बाद आया नया स्पाईवेयर हर्मिट
• हाल ही में क्लाउड-आधारित सुरक्षा कंपनी लुकआउट ने 'हर्मिट' नामक एक नया स्पाइवेयर (Hermit Spyware) खोजा है। हर्मिट स्पाइवेयर Android और iOS उपकरणों को प्रभावित करने में सक्षम है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, लुकआउट के सुरक्षा शोधकर्त्ताओं ने सूचित किया है कि कज़ाखस्तान और इटली में राष्ट्रीय सरकारों ने "लक्षित हमलों" में हर्मिट स्पाइवेयर के एंड्रॉइड संस्करण का उपयोग किया है।

2. येर लैपिड बने इजराइल के नए प्रधानमंत्री
• जुलाई, 2022 में येर लैपिड इजराइल के 14वें प्रधानमंत्री बने हैं। प्रधानमंत्री लैपिड का कार्यकाल छोटा हो सकता है, क्योंकि उन्होंने 1 नवंबर, 2022 को होने वाले इजराइल के चुनाव से पहले कार्यवाहक सरकार की कमान संभाली है। लैपिड ने निवर्तमान प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट की जगह प्रधानमंत्री बने हैं।येर लैपिड एक ऐसे परिवार से ताल्लुक रखते हैं जहां उनके पिता और नाना पत्रकार की भूमिका में रहे।
• उनके पिता भी पत्रकार से नेता और फिर केंद्र में मंत्री बने थे। वहीं, उनके नाना ने एक अखबार की शुरुआत की थी। राजनीति में आने से पहले येर ने भी इसमें अपना योगदान दिया था। आपको बता दें कि देश के प्रधानमंत्री बनने से पहले येर लैपिड देश के विदेश मंत्री रह चुके हैं। इस पद पर वे 2021-2022 तक थे। इससे पहले 2020-21 के दौरान लैपिड विपक्ष के नेता भी रहे हैं।

3. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन को 'अंतर्राष्ट्रीय संगठन' के रूप में श्रेणीबद्ध करने की मंजूरी दी
• हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपदा रोधी बुनियादी ढाँचे के लिये गठबंधन (CDRI) को 'अंतर्राष्ट्रीय संगठन' के रूप में श्रेणीबद्ध करने को मंज़ूरी दी है। इसने मुख्यालय समझौते (Headquarters Agreement) पर हस्ताक्षर करने को भी मंज़ूरी दे दी एवं इसे संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार और उन्मुक्ति) अधिनियम, 1947 द्वारा परिकल्पित छूट, उन्मुक्ति तथा विशेषाधिकार प्रदान किया गया है, जिसका अर्थ है कि सदस्य की संपत्ति और संपत्ति जहाँ कहीं भी स्थित है और जिसके पास भी है, उसे हर प्रकार की कानूनी प्रक्रिया से छूट प्राप्त होगी, सिवाय किसी विशेष मामले को छोड़कर जिसने अपनी प्रतिरक्षा को स्पष्ट रूप से छूट प्रदान कर दिया है।

4. भारत ने 2023 तक काला अजार (Kala Azar) को खत्म करने का लक्ष्य रखा
• भारत सरकार ने 2023 तक देश से काला अजार को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। डॉ. भारती प्रवीण पवार (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री) के अनुसार, 633 कालाजार स्थानिक ब्लॉकों में से 625 ब्लॉकों ने 2021 में काला-अजार सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है। भारत का लक्ष्य विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के 2030 तक इस बीमारी को खत्म करने के लक्ष्य से काफी आगे है।

5. हाल ही चीन ने रीयूज़ेबल स्पेसक्राफ्ट लांच किया

Daily Current Affairs 08 August 2022

• 4 अगस्त, 2022 को चीन ने कक्षा में एक रीयूज़ेबल स्पेसक्राफ्ट लॉन्च किया। इसे लॉन्ग मार्च 2F रॉकेट पर जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया था। इस अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसी तरह का एक गुप्त मिशन चीन द्वारा 2020 में शुरू किया गया था।

6. हाल ही में DRDO ने स्वदेशी रूप से विकसित लेजर-निर्देशित ATGMs का परीक्षण किया
• 4 जून, 2022 को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और भारतीय सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित लेजर-गाइडेड एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। महाराष्ट्र के के.के. रेंज में मुख्य युद्धक टैंक (MBT) अर्जुन से मिसाइलों का परीक्षण किया गया।

7. नासा ने चंद्रमा के लिए कैपस्टोन अंतरिक्ष मिशन किया लॉन्च
• हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कैपस्टोन (CAPSTONE) अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। यह स्पेस क्राफ्ट चंद्रमा के चक्कर लगाएगा। यह अंतरिक्ष यान न्यूज़ीलैंड के पूर्वी तट से प्रक्षेपित किया गया था। इसे नासा द्वारा वित्तपोषित किया गया है। इसे कक्षा में छोटे पेलोड पहुँचाने में अग्रणी यूएस-न्यूज़ीलैंड की कंपनी रॉकेट लैब द्वारा लॉन्च किया गया।